# —: कार्यालय :—

## वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।

Email –dfo-latehar@gov.in

Mobile No. – 8987790240

Pin Code - 829206


पत्रांक 1997 / दिनांक 11.08.2025 /

सेवा में,

राजेश रंजन,
विद्युत अधीक्षण अभियंता (P&S)
तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड,
हिनू, पो0—डोरण्डा, राँची (834002)।

विषय :— राजबार E&D कोल ब्लॉक हेतु वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग :— आपका पत्रांक 420/25-26 दिनांक 26.06.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि राजबार E&D कोल ब्लॉक वन भूमि 535.45 हे0, जंगल—झाड़ी भूमि 30.18 हे0 अपयोजन प्रस्ताव प्रासंगिक पत्र द्वारा इस कार्यालय में समर्पित किया गया एवं Parivesh Portal पर दिनांक 04.07.2025 को समर्पित किया गया जिसके जांचोंपरांत निम्नांकित त्रुटियां पायी गयी जो निम्नवत है :—

01. ग्राम—जड़ेयांग चादर संख्या—01 RS Map में आपके द्वारा कोल ब्लॉक का दो सीमा लाईन दर्शाया गया है, जिसमें सुधार की आवश्यकता है।

02. राजबार कोल ब्लॉक अंतर्गत पड़ने वाले सभी मौजा के RS Map में कोल ब्लॉक के सीमा लाईन को कहीं लाल रंग से कलर नहीं किया गया है एवं संकेत (Index) नहीं दर्शाया गया है, जिसमें कोल ब्लॉक की सीमा, गैर मजरूआ जंगल झाड़ी एवं वन भूमि दर्शाया गया है।

03. ग्राम—जेड़यांग में अंचलाधिकारी, लातेहार द्वारा प्लॉट संख्या 1001 एवं 509 को गैर मजरूआ जंगल झाड़ी भूमि के रूप में सत्यापित कर उपलब्ध कराया गया है परन्तु मैप में स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि उक्त भूमि कहाँ पर है, इसे स्पष्ट किया जाय।

04. ग्राम—रेंची चादर संख्या—03 CS प्लॉट 729 सीमांकित वन भूमि है जिसका Corresponding RS प्लॉट 994 में रकबा 0.60 हे0 गैर मजरूआ जंगल झाड़ी भूमि दर्शाया गया है जिसे वन भूमि में भी लिया जा चूका है।

05. Online Form-A, Part-1 में अपलोड KML का रकबा एवं अपयोजित होने वाली वन भूमि के रकबा में भिन्नता है जिसमें सुधार की आवश्यकता है।

06. आपके द्वारा OB Dump कहां किया जाना है यह नक्शा एवं Component wise land use plan में नहीं दर्शाया गया है।

07. सुरक्षित वन भूमि के संबंध में वन प्रमण्डल पदाधिकारी से सत्यापित नक्शा समर्पित किया गया है जबकि आपके द्वारा सत्यापित नक्शा समर्पित नहीं किया गया है।

08. CAT Plan निर्धारित मापदण्ड के अनुसार नहीं है विस्तृत सर्वेक्षण के उपरांत इसमें विस्तृत विवरणी के साथ अन्य मदों का समावेश किया जाय।

09. Summary of Land Schedule में रकबा 1351 एकड़ दर्शाया गया है जबकि रकबा हे0 में होना चाहिए।

10. Reclamation Plan समर्पित नहीं किया गया है केवल नक्शा समर्पित किया गया है।

अतः उक्त प्रस्ताव में पायी गयी त्रुटियों का निराकरण करते हुए निराकरण प्रतिवेदन यथाशीघ्र समर्पित करना सुनिश्चित करें ताकि प्रस्ताव पर अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

11/8/25

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।

11.8.25